धर्म | बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे दर्शन-पूजन के लिए, शहर के विभिन्न क्षेत्रों से कांवड़ लेकर पहुंचे शिवभक्त

# आखिरी सावन सोमवार पर जुन्नारदेव विशाला में उमड़ा आस्था का सैलाब



**नवभारत न्यूज**
**जुन्नारदेव, 24 अगस्त, सावन माह के अंतिम सोमवार को जुन्नारदेव विशाला की पहली पारी में श्रद्धा और भक्ति का सैलाब उमड़ पड़ा। आखिरी सावन सोमवार होने के कारण सुबह से ही भगवान शिव के दर्शन एवं जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया, जो दिनभर जारी रहा।**

बड़ी संख्या में भक्तों ने मंदिर पहुंचकर भगवान शिव का विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया और जल अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना की। सावन के अंतिम सोमवार को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। शहर सहित आसपास के विभिन्न क्षेत्रों से महिला, पुरुष और युवा बड़ी संख्या में भगवान शिव के दर्शन करने पहुंचे। मंदिर परिसर में श्रद्धालु हाथों में पूजा की सामग्री और जल लेकर अपनी बारी का इंतजार करते नजर आए। भगवान शिव के दर्शन के बाद भक्तों ने श्रद्धापूर्वक जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की।

### कांवड़ लेकर पहुंचे शिवभक्त

आखिरी सावन सोमवार के अवसर पर कांवड़ियों में भी विशेष उत्साह दिखाई दिया। शहर के विभिन्न क्षेत्रों से शिवभक्त कांवड़ लेकर जुन्नारदेव विशाला की पहली पारी पहुंचे। कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालु भगवान शिव के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़े। मंदिर पहुंचने के बाद कांवड़ियों ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया और विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। कांवड़ियों के पहुंचने से मंदिर परिसर सहित आसपास का वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। हर-हर महादेव, बोल बम और भगवान शिव के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा। श्रद्धालुओं ने सावन के अंतिम सोमवार पर भगवान शिव की आराधना कर अपनी मनोकामनाएं पूरी होने की प्रार्थना की।

**सुबह से लगी श्रद्धालुओं की कतार :** अंतिम सावन सोमवार होने के कारण मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ देखने को मिली। दूर-दराज से भी भक्त भगवान शिव के दर्शन के लिए पहुंचे। कई श्रद्धालुओं ने परिवार के साथ मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की, वहीं कांवड़ियों ने अपनी कांवड़ में लाए जल से भगवान शिव का अभिषेक किया। भक्तों का कहना था कि सावन का महीना भगवान शिव की आराधना के लिए विशेष माना जाता है। सावन के अंतिम सोमवार पर भगवान शिव का जलाभिषेक और दर्शन करने को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष आस्था रहती है।

# संत रविदास जयंती वर्ष पर निकली कलश वंदन यात्रा, परासिया में हुआ स्वागत




**नवभारत न्यूज**
**परासिया, 24 अगस्त, संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 650वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित प्रदेश स्तरीय 'समरसता संकल्प अभियान' एवं कलश वंदन यात्रा सोमवार को भाजपा शहरी मंडल बड़कुही से प्रारंभ होकर परासिया पहुंची। यात्रा मार्ग में आमजनों ने कलश वंदन यात्रा का स्वागत किया।**

इस दौरान संत रविदास जी के समरसता, समानता और सामाजिक सद्भाव के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया गया। कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों ने यात्रा में उत्साहपूर्वक सहभागिता की। यात्रा में भाजपा शहरी मंडल अध्यक्ष दविंदर बल्लू नागी, विधानसभा प्रभारी ज्योति डेहरिया, सुखनंदन जावरे, रूपेंद्र डेहरिया, आशीष जायसवाल, भगवानदास झा, प्रदीप सोनी, सज्जू तिवारी, राजकुमार सिंह, सुनील तिवारी, हरिश्चंद्र अग्रवाल, मुनिराज इंदौरकर, हरि नारायण तिवारी, श्रीचंद पटेल, सोनू पंडित, हरि आठनकर, इंद्रपाल साहू, यश कैथवास, मनी नागी, सुनील पाल, प्रथम गुलवास्कर, सिद्धांत मुखर्जी, रिंकू घोरके, मनोज खेलबाड़ी, सुजाता तिवारी, माया डेहरिया, मुकेश खरे, भानु सिंह ठाकुर सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# नेत्र जांच के बाद मरीजों को नि :शुल्क उपचार के लिए जबलपुर भेजा गया




**नवभारत न्यूज**
**दमुआ, 24 अगस्त, आशीष ठाकुर के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आयोजित एकदिवसीय नेत्र जांच शिविर में जांच के पश्चात लगभग 12 मरीजों को नि:शुल्क उपचार एवं आवश्यक चिकित्सा सुविधा के लिए मेडिकल वैन से जबलपुर स्थित अस्पताल भेजा गया।**

मरीजों को रवाना करते समय नगर पालिका अध्यक्ष किरण खातरकर वरिष्ठ नेता मोहन पालए सोहन चौहानए जय मांडवारएमोंटू साहूए आलोक श्रीवास्तवए सौरभ शिवहरेए राकेश जीए संदीप मिश्राए सूरज चौधरीए मनोज भोरे सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# पुलिस थाना प्रांगण में शांति समिति की बैठक

**नवभारत न्यूज**
**दमुआ, 24 अगस्त, आगामी त्यौहार ईदमिलादुन्नबी, रक्षा बंधन, भुजलिया एवं गणेश उत्सव पर्व को सौहार्द पूर्ण एवं भाईचारे के साथ सम्पन्न कराने के लिये पुलिस थाना प्रागंण में आज शांति समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न त्यौहारों के आयोजन को लेकर व्यापक विचार विमर्श किया गया।**

नगर पालिका द्वारा साफ सफाई एवं घाट आदि की व्यवस्था विद्युत विभाग द्वारा समुचित प्रकाश व्यवस्था सहित अन्य मुद्दों को लेकर चर्चा की गई, एवं उपस्थित जनों के सुझाव लिये गये, बैठक में प्रमुख रूप से अनुविभागीय अधिकारी ;पुलिसद्ध जुन्नारदेव सोनम पाटिल, नायब तहसीलदार दमुआ धनराज पवार, थाना प्रभारी प्रमोद सिरसाम, एमपीईबी के जूनियर इंजीनियर समरेश पटेल सहित गणमान्य नागरिकों में सुभाष गुलबाके, मोहन पाल,मुकेश साहू,सौरभ शिवहरे, विनोद निरापुरे, सदर हबीब वारसी सहित नपा कर्मी सुरेश मानेकर, मुकेश चंदेल, राजेन्द्र उइके, संदीप मिश्रा, सूरज चौधरी,सोहन चौहान आदि उपस्थित रहे।



### संत रविदास कलश यात्रा का नगर में भव्य स्वागत

**दमुआ।** संत शिरोमणी गुरू रविदास महाराज की 685 वीं जयंती के अवसर पर निकली कलश एवं वंदन यात्रा का नगर में भव्य स्वागत किया गया,कलश वंदन यात्रा एवं समरस्ता संकल्प अभियान के प्रभारी सुखनन्दन जावरे के नेतृत्व पर दीनदयाल चौक पर यात्रा का भव्य स्वागत किया गया, एवं व्यापारी वर्ग, गुरूद्वारा तथा बौध्द बिहार में भी स्वागत हुआ, यह कलश यात्रा मेन मार्केट से होते हुये बौध्द बिहार, रविदास मंदिर पहुॅची और अंत में खेडापति माता मंदिर पहुॅची, कलश यात्रा के दर्शन करने एवं सहभागिता दर्शाने के लिये भारी संख्या में लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

# नवेगांव में शादी का झांसा देकर दुष्कर्म, लड़की को कंप्यूटर ऑपरेटर पर रखा

## हेड इंजीनियर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**
**जुन्नारदेव, 24 अगस्त, जुन्नारदेव पुलिस अनुविभाग अंतर्गत थाना नवेगांव क्षेत्र में विगत दिनों रोड निर्माण कार्य चल रहा था इस बीच इंजीनियर और लड़की एक दूसरे से मिले बीते महीनों में लड़की को रोड कंपनी के हेड इंजीनियर द्वारा कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर रखा गया।**

इस बीच इंजीनियर ने लड़की से प्यार का इजहार किया और शादी का भरोसा दिलाकर बार-बार दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। बीते माह लड़की ने आरोपी पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किए जाने की शिकायत पुलिस थाने में दर्ज की थी जिस पर पुलिस ने 69 बीएस के तहत मामला दर्ज किया था। नवेगांव पुलिस द्वारा रविवार को बताया कि आरोपी अजय को कर्नाटक से गिरफ्तार कर जेल दाखिल किया गया है। कार्यवाही में थाना प्रभारी मुकेश द्विवेदी, प्रधान आरक्षक जयप्रकाश सैय्याम सहित पुलिस टीम शामिल हैं।

# बटकाखापा थाना प्रभारी अनिल सिंह राठौड़ को दी भावभीनी विदाई



**नवभारत न्यूज**
**बटकाखापा, 24 अगस्त, बटकाखापा थाना प्रभारी अनिल सिंह राठौड़ के स्थानांतरण के अवसर पर थाना परिसर में विदाई समारोह आयोजित किया गया। समारोह में नायब तहसीलदार, मंडल अध्यक्ष, सरपंच सहित गांव के जनप्रतिनिधियों एवं थाना स्टाफ ने श्री राठौड़ को भावभीनी विदाई दी और उनके कार्यकाल की सराहना की।**

विदाई समारोह में नायब तहसीलदार पुष्पेंद्र पांडे, मंडल अध्यक्ष हरीश साहू, ग्राम पंचायत सरपंच योगेंद्र शाह धुर्वे, समाजसेवी एवं वरिष्ठ नागरिक दिनेश नामदेव सहित धनोरा चौकी प्रभारी तिवारी चौकी स्टाफ और थाना बटकाखापा का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों ने थाना प्रभारी अनिल सिंह राठौड़ के कार्यकाल को याद करते हुए उनके व्यवहार, कर्तव्यनिष्ठा और पुलिस प्रशासन के प्रति समर्पण की सराहना की। सभी ने उनके आगामी कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह के दौरान माहौल भावुक हो गया। थाना स्टाफ एवं जनप्रतिनिधियों ने श्री राठौड़ को सम्मानपूर्वक विदाई दी और कहा कि उनके कार्यकाल की यादें हमेशा बनी रहेंगी। जनप्रतिनिधियों एवं पुलिस स्टाफ ने दी उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं।

# बूथ को मजबूत एवं सशक्त बनाने को लेकर शक्ति केंद्र की मासिक बैठक संपन्न

**नवभारत न्यूज**
**जुन्नारदेव, 24 अगस्त, विशाला ग्राम शक्ति केंद्र क्रमांक-5 की मासिक बैठक बूथ क्रमांक 122 चिखलमऊ में संपन्न हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य बूथ को मजबूत बनाना, बूथ स्तर पर जनसंपर्क को बढ़ावा देना तथा संगठन को और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाना रहा।**

बैठक में आगामी मन की बात कार्यक्रम को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। शक्ति केंद्र प्रभारी विपिन बिंदवारी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी मन की बात कार्यक्रम को प्रत्येक बूथ पर शत-प्रतिशत रूप से आयोजित किया जाए तथा अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं एवं आमजन की सहभागिता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने बूथ स्तर पर निरंतर जनसंपर्क एवं संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने पर भी जोर दिया। बैठक में मंडल महामंत्री अनिरुद्ध बूटा चटर्जी, मंडल उपाध्यक्ष महेंद्र सूर्यवंशी, समीर खान, बूथ अध्यक्ष सरपंच सुखमन उईके, बूथ अध्यक्ष राजेंद्र झड़वड़े, बूथ अध्यक्ष आनंदपाल यादव, अकबर दास, मारिश अवनी, मंत्रा शाह धुर्वे, कल्पना उईके, दिलीप पार्टी, मकरचंद यदुवंशी, हरदिश पाटिल सहित बूथ के अनेक कार्यकर्ता साथी उपस्थित रहे।

# पुलिस थाने में शांति समिति की बैठक संपन्न



**नवभारत न्यूज**
**जुन्नारदेव, 24 अगस्त, ईद मिलादुन्नबी के आयोजन को लेकर पुलिस थाने में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। जिसमें ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर निकलने वाले जुलूस और बच्चों के कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी गई। जामा मस्जिद के सदर गौहर जमाल ने बताया कि सुबह 9 से 2 तक जामा मस्जिद में बच्चों के तालीमी मुकाबले होंगे।**

गरीब नवाज मस्जिद सदर जफ्फू भाई ने ईद मिलादुन्नबी पर निकलने वाले जुलूस के संबंध में बताया कि वार्ड नंबर 5 से जुलूस प्रारंभ होगा। जो मुख्य मार्केट से दातला वेलफेयर हॉस्पिटल चर्च तिराहा होते हुए मस्जिद गरीब नवाज में जुलूस का समापन होगा। इसी क्रम में गुढी अबाड़ा सदर खलील खान ने बताया कि 25 तारीख को ईदगाह में सम्मान समारोह एवं 26 तारीख को जलुस का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह डूंगरिया पंचायत की मदीना मस्जिद से भी रैली जुलूस का आयोजन 25 तारीख को दोपहर से शुरू होगा। जिसका समापन गुढी, अंबाडा में होगा । शांति समिति की बैठक में एसडीओ पुलिस सोनम पाटिल, तहसीलदार श्रीमती ज्योति ठोके, मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती नेहा धुर्वे, नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे,थाना प्रभारी जे मसराम ,एसआई मुकेश डोंगरे, आरक्षक राम अवतार तिवारी, राजेश श्रीवास्तव विष्णु शर्मा, रंजीता डहरिया भाजपा एवं कांग्रेस के कर्यकर्ता, पार्षद एवं गणमान्य नागरिक और पत्रकार उपस्थित थे।

# भूगोल विभाग द्वारा सम्पन्न हुई एक दिवसीय कार्यशाला




**नवभारत न्यूज**
**बिछुआ, 24 अगस्त, शासकीय महाविद्यालय बिछुआ जिला छिंदवाड़ा में भूगोल विभाग के द्वारा कृषि क्षेत्र में रोजगार और स्वरोजगार की अवसर विषय पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।**

यह कार्यशाला महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर आर पी यादव के निर्देशन में संपन्न हुआ। इस कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में भूगोल विभाग की सहायक प्राध्यापक श्रीमती मीना ठाकरे ने कृषि क्षेत्र में रोजगार और स्वरोजगार विषय पर सारगर्भित व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का आयोजन का लाभ महाविद्यालय की लगभग 100 छात्र छात्राओं ने उठाया और जाना की कृषि क्षेत्र में रोजगार, स्वरोजगार और उद्यमी की क्या अवसर है।

# बटकाखापा थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित

**नवभारत न्यूज**
**बटकाखापा, 24 अगस्त, आगामी त्योहारों एवं क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर बटकाखापा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में नायब तहसीलदार, ग्राम सरपंच मंडल अध्यक्ष सहित जनप्रतिनिधि एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। बैठक के दौरान क्षेत्र में आपसी भाईचारा, सामाजिक सौहार्द एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।**



अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने कहा कि सभी समुदायों के लोग मिल-जुलकर त्योहार मनाएं और किसी भी प्रकार की अफवाह या विवाद की स्थिति उत्पन्न न होने दें। नायब तहसीलदार ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। किसी भी प्रकार की समस्या या संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस एवं प्रशासन को दी जाए।

वहीं ग्राम सरपंच एवं जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। बैठक में उपस्थित लोगों ने क्षेत्र में हमेशा आपसी प्रेम, भाईचारा और सौहार्द बनाए रखने का संकल्प लिया। बैठक का उद्देश्य आगामी दिनों में होने वाले धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराना रहा। बैठक में मौजूद सभी लोगों ने प्रशासन और पुलिस के साथ मिलकर क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने की बात कही।

# मितेश जायसवाल नई दिल्ली में मानद डॉक्टरेट से सम्मानित



**नवभारत न्यूज**
**जुन्नारदेव, 24 अगस्त, शिक्षा और जनसेवा के प्रति अपनी दीर्घकालिक प्रतिबद्धता के लिए जुन्नारदेव के मितेश जायसवाल को मानद डॉक्टरेट की उपाधि से नवाजा गया है। 22 अगस्त को नई दिल्ली के संविधान क्लब ऑफ इंडिया में आइकॉनिक पीस अवार्ड काउंसिल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उन्हें यह गौरव प्राप्त हुआ।**

मितेश जायसवाल अरविंद विद्यालय समिति का संचालन कर रहे हैं, जिसकी नींव 1976 में स्व. सुबोध पारेख और स्व. नंद किशोर जायसवाल ने रखी थी। यह संस्था जरूरतमंद विद्यार्थियों को किफायती दरों पर अंग्रेजी माध्यम की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करा रही है। मितेश जायसवाल ने इस सम्मान का श्रेय अरविंद विद्यालय समिति के सभी सदस्यों और समाज सेवा के संकल्प को दिया है। उनकी इस उपलब्धि पर जुन्नारदेव नगर में हर्ष का माहौल है।

अच्छी खबर | सीएमओ नेहा धुर्वे की अगुवाई में टीम को मिला प्रोत्साहन प्रमाण-पत्र, अध्यक्ष रमेश सालोडे के अथक प्रयासों से मिली सफलता

# अमृत हरित महाअभियान जुन्नारदेव नपा ने पूरा किया 13,785 पौधरोपण का लक्ष्य



**नवभारत न्यूज**
**जुन्नारदेव, 24 अगस्त, पर्यावरण संरक्षण और हरियाली की दिशा में कदम बढ़ाते हुए नगर पालिका परिषद जुन्नारदेव ने अमृत हरित महाअभियान 2026 के तहत ऐतिहासिक एवं उल्लेखनीय सफलता दर्ज की है। शासन द्वारा जुन्नारदेव नगर को कुल 13,785 पौधों के रोपण का लक्ष्य दिया गया था, जिसे निकाय ने टीम भावना एवं समर्पित प्रयासों के साथ शत-प्रतिशत पूरा कर लिया है।**

अभियान के मुख्य चरण में विगत 6 अगस्त 2026 को स्थानीय सोमा टेकड़ी ट्रेंचिंग ग्राउंड में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया था। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष रमेश सालोडे के अथक प्रयास एवं मार्गदर्शन तथा मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्रीमती नेहा धुर्वे के कुशल नेतृत्व में निकाय की टीम ने इस स्थल पर एक साथ 5,000 पौधों का रोपण कर शासन से प्राप्त अंतिम लक्ष्य को सफलतापूर्वक हासिल किया।

### संभागीय अधिकारियों ने दिया प्रोत्साहन प्रमाण-पत्र

नगर पालिका परिषद जुन्नारदेव की इस उत्कृष्ट एवं अनुकरणीय उपलब्धि पर नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा निकाय को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। विभाग के कार्यपालन यंत्री अभिषेक शिवहरे (जबलपुर) एवं सहायक यंत्री एस.के. गुप्ता द्वारा संयुक्त रूप से नगर पालिका परिषद जुन्नारदेव को इस शानदार उपलब्धि के लिए प्रोत्साहन प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### अध्यक्ष रमेश सालोडे के अथक प्रयासों की सराहना

नगर पालिका परिषद अध्यक्ष रमेश सालोडे के अथक प्रयास एवं मार्गदर्शन में निकाय द्वारा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। उनके सक्रिय सहयोग एवं प्रोत्साहन से नगर में पौधरोपण अभियान को व्यापक रूप मिला और निकाय ने निर्धारित 13,785 पौधों के लक्ष्य को शत-प्रतिशत पूरा करने में सफलता हासिल की।

**सीएमओ ने जताया आभार, कहाकृयह सामूहिक प्रयासों की जीत :** इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर मुख्य नगरपालिका अधिकारी नेहा धुर्वे ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान जुन्नारदेव के सभी सजग जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं जागरूक नगरवासियों की कर्तव्यनिष्ठा और सामूहिक प्रयासों का सुखद परिणाम है। उन्होंने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि रोपे गए पौधों की सुरक्षा एवं उनकी देखरेख करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी।


## कार्यालय नगरपालिका परिषद, अमरवाड़ा जिला छिन्दवाड़ा (म.प्र.)

Email ID - cmoamarwada@mpurban.gov.in Phone No. 07167-222221

क्रमांक/224/भण्डार शाखा./न.पा. / 2026 अमरवाड़ा, दिनांक- 21/18/2026

**-: ऑनलाईन निविदा आमंत्रण सूचना :-**

नगर पालिका परिषद अमरवाड़ा द्वारा निम्नलिखित सामग्री की निविदा सूचनाई-टेण्डरिंग पद्धति से ई-प्राक्योरमेन्ट पोर्टल https://www.mptenders.gov.in पर आईटम दर आधार पर आमंत्रित है समस्त पंजीकृत फर्मो / सप्लायरो से निजकी अपनी स्वयं की संबधित फर्म हो या निर्माता हो अथवा जो केन्द्र सरकार अथवा म.प्र.सरकार का अघतन रूप्ये से ब्रिकी कर एंव आयकर भुगतान करते हो से नगरपालिका परिषद अमरवाड़ा जिला छिन्दवाड़ा को निम्न सामग्री की आवश्यकता है।

**विस्तृत निविदा https://www.mptenders.gov.in पर भी देखी जा सकती है। निविदा का विवरण निम्नानुसार है:-**

| क्रं. | पोर्टल टेंडर नं. | सामग्री का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | समयावधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_UAD_528082_2 | वर्ष 2026-27 हेतु जलप्रदाय शाखा में संचालन कार्य में लगने वाली सामग्री जो आवश्यकतानुसार प्रदाय करनी होगी संलग्न सूची। | मार्च 2027 तक 4000000/- | 2, 000/- 30000/- | मार्च 2027 तक | 5000/- |

**नोट:-** निविदा वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर निर्धारित शुल्क रू. भुगतान करने के उपरांत निविदा (टेण्डर डाक्युमेंट) वेबसाईट के माध्यम से प्राप्त हो सकेंगे। समस्त निविदाकारो को सलाह दी जाती है कि वह अंतिम दिवस की प्रतीक्षा न करे, निर्धारित समय सारणी अनुसार निविदा की ऑनलाईन प्रकिया पूर्ण करें वेबसाईट में किसी भी प्रकार की असुविधा के लिए विभाग उत्तरदायी नहीं होगा।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद अमरवाड़ा**